साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक



# महत्वपूर्ण एवं खास

श्री कृष्ण महाजन्माष्टमी झूला उत्सव-2018

## समारोह का आयोजन 1 सितम्बर से 5 सितम्बर तक

### श्रीकृष्ण की झांकियों का आयोजन इस बार अनुठा रहेगा

रायगढ़। कला एवं संस्कृति की नगरी रायगढ़ में जन्माष्टमी झूला उत्सव का आयोजन बड़े धूम-धाम व गरिमामयी रूप में मनाया जाता है । इस महाउत्सव को देखने रायगढ़ जिला ही नहीं बल्कि अन्य प्रान्तों से हजारो दर्शनार्थी यहां आते है।



श्याम मंडल के प्रचार मंत्री महावीर अग्रवाल एवं गुलाब डालमिया ने बताया कि गत दिनों श्री कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर श्री श्याम मंडल की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 24वें इस ऐतिहासिक झुला उत्सव को लेकर विभिन्न निर्णय लिये गये। इस वर्ष के आयोजन हेतु प्रदर्शनी के उद्घाटन के लिए प्रदेश के लोकप्रिय मुख्य मंत्री डॉ. रमन सिंह के अलावा कई अन्य अतिथियों को भी आमंत्रित किया जावेगा। इस वर्ष भी संजय काम्पलेक्स स्थित श्री श्याम बगीची में 14 हजार वर्ग फूट के विशाल वाटर प्रुफ पंडाल का निर्माण किया जावेगा। समुचे राज्य में रायगढ़ जन्माष्टमी मेले के लिए प्रसिद्ध है। यहां प्रति वर्ष भव्य मेले का आयोजन यहां किया जाता है श्याम मंडल द्वारा यह आयोजन पिछले 23 वर्षो से किया जा रहा है । इस उत्सव में दर्शनार्थियों की संख्या प्रति वर्ष 5 लाख से भी अधिक होती है। इस वर्ष भी दिनांक 1 सितम्बर से 5 सितम्बर तक भव्य पंडाल के अन्दर नयनाभिराम अत्याधुनिक स्वचलित झाकियों का दर्शन का अनोखा लाभ श्रद्धालुओं को होगा इन झाकियां के दर्शन मात्र से संजीदगियों का एहसास होने लगेगा । विशाल पंडाल के भीतर कलकत्ता से आये विश्व प्रसिद्ध कुमार टुली से आये 15 मूर्तिकारों ने महाभारत, रामायण व अनेक धार्मिक कथाओं पर आधारित मनोहारी, सुन्दर झाकियों का निर्माण कार्य जोर-शोर से प्रारंभ कर दिया है।

श्री अग्रवाल ने आगे बताया इस बार जन्माष्टमी के मेले में आयोजित इस झांकियों के दर्शन में छत्तीसगढ़ के लोक कला एवं संस्कृति पर आधारित कई झांकियों का समावेश रहेगा जिसे निर्माण करने की दिशा में पूरे श्याम मंडल के सदस्यों का विशेष सहयोग संस्था को मिल रहा है। जन्माष्टमी मेले में चार - चांद लगाने का प्रयास कर रायगढ़ नगर सहित छत्तीसगढ़ में अपनी अनूठी छाप बरकरार रखने वाला रायगढ़ का जन्माष्टमी मेले का विशेष आकर्षण इस वर्ष देखने हेतु श्याम मंडल प्रयासरत है जिससे जन्माष्मी मेला 2018 की स्वचलित झाकिंया अभूतपूर्व एवं श्रद्धालुओं के लिए यादगार साबित हो।

## जनसुविधा जनसंपर्क यात्रा की सतीगुड़ी चौक से हुई शरुआत

रायगढ़। बुधवार को दोपहर 3.30 बजे रायगढ़ के लोकप्रिय विधायक रोशनलाल के मार्गदर्शन में जनसुविधा जनसंपर्क यात्रा का शुभारंभ सतीगुड़ी चौक के शक्तिकेन्द्र से किया गया





जिसमें बूथ क्रमांक 41, 42, 43, 44 बैकुंठपुर, कोटरा रोड की गलियो के घरों तक जाकर कार्यकर्ता जनता से रूबरू हुए। भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को घर घर जाकर बताया गया। लोगो को स्मार्टकार्ड, राशनकार्ड, पेशन संबंधित योजनाओं की जानकारी दी गई। आज के जनसुविधा जनसंपर्क यात्रा में श्रीमती सुषमा खलकोए संजय बेरीवाल पल्लूए मनीष सोलंकी, नीतेश सोनी, सूरज शर्माए ज्ञानू मोदी, अनिल कटियार, राहुल सोनी, बीना चोहथा, श्रीमती गीता महंत, बजरंग साहू, श्रीमती विजय लष्मी चौहान, सुनील सोनीए जयश्री अग्रवाल, कमल मरार, एके सोम, कमल शर्मा, महेन्द्र सिंह ठाकुर, गौरव शर्मा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। कल यात्रा पुनः दोपहर 3.30 से सतिगुड़ी चौक से प्रारंभ होगी।

## पालीटेक्निक में अंशकालीन डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश 20 जुलाई तक

रायगढ़। किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में अंशकालीन डिप्लोमा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए 20 जुलाई 2018 तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रवेश हेतु आवेदन पत्र किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में कार्यालयीन समय में 300 रुपए नगद जमा कर आवेदन प्राप्त कर सकते है। प्राप्त जानकारी के लिए किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में सिविल 40 सीट, मेकेनिकल 80 सीट, इलेक्ट्रीकल 80 सीट इंजी.डिप्लोमा पाठ्यक्रम में वर्ष 2018-19 में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ के मूल निवासी से आवेदन आमंत्रित किए गए है।

# क्रोएशियाई कोच ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच जीतने के बाद खिलाड़ियों के जज्बे पर कही ये बड़ी बात, जानें

मास्को। इंग्लैंड को सेमीफाइनल में अतिरिक्त समय में हराने के बाद क्रोएशिया के कोच ज्लाटको डालिच ने कहा है कि फ्रांस के खिलाफ विश्व कप फाइनल में थकान कोई मसला नहीं होगा। क्रोएशिया ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2-1 से जीत दर्ज की। मारियो मेनजुकिच ने 109 वें मिनट में विजयी गोल दागा। क्रोएशिया ने पिछले दो सप्ताह में डेनमार्क और मेजबान रूस के खिलाफ भी अतिरिक्त समय और पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की थी।



डालिच ने कहा, यह शानदार था। अतिरिक्त समय में कोई भी मैदान से बाहर नहीं जाना चाहता था। यह खिलाड़ियों का जज्बा दिखाता है। किसी ने अंतिम समय तक हार नहीं मानी। उन्होंने कहा, हम फाइनल के लिये तैयार थे और हैं। अतिरिक्त समय तक खेलने से दिक्कत हो सकती है जबकि दूसरी ओर फ्रांस को अतिरिक्त समय आराम के लिए मिल गया लेकिन फिर भी हम तैयार हैं।

कोच ने कहा, हम इसे टूर्नामेंट के पहले मैच की तरह खेलेंगे। उन्होंने कहा, हमारी टीम खेल के सभी पहलुओं में बेहतर थी। हमने अर्जेंटीना के खिलाफ मैच से बेहतर प्रदर्शन किया। मैने खिलाड़ियों से कहा कि कोई दबाव नहीं लेना है। मैने कहा कि अपने खेल का पूरा मजा लो और उन्होंने वही किया।

एक छोटे से देश के लिये फुटबाल के सबसे बड़े समर में खिताबी मुकाबले तक पहुंचना बड़ी बात है। कोच ने कहा, क्रोएशिया के लिए और देश के फुटबाल के लिये यह इतिहास रचने वाला पल है।उन्होंने कहा, हमें अक्तूबर में इंग्लैंड से लीग आफ नेशंस खेलना है। हमारे यहां वह मैच खेलने के लिये अच्छा स्टेडियम भी नहीं है। लेकिन हमारे पास जज्बा है, गुरूर है और प्रतिभाशाली खिलाड़ी है।

# जल्द ही शुरू होगा चेम्बर का सदस्यता अभियान

## चेंबर के नवीन कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

रायगढ़। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स रायगढ़ की नई कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई जिसमें सभी पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों का स्वागत किया गया सर्व प्रथम अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल ने रायगढ़ इकाई के संरक्षक सुनील अग्रवाल लेन्ध्रा वाले तथा प्रदेश उपाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया और उसके बाद सभी नये पदाधिकारियों का परिचय सदन से कराया गया नई कार्यकारिणी के अनुसार संरक्षक गण में माननीय विष्णुदेव साय सांसद रायगढ़ एवं केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री भारत सरकार, माननीय रोशनलाल अग्रवाल विधायक रायगढ़, बजरंगलाल अग्रवाल सूरजपुर वाले, और सुनील अग्रवाल लेन्ध्रा वाले की घोषणा का करतल ध्वनि से स्वागत किया गया अध्यक्ष रायगढ़ राजेंद्र कुमार अग्रवाल महामंत्री हीरा मोटवानी उपाध्यक्ष घनश्याम बंसल, रामजी लाल अग्रवाल, बजरंग महमिया (अध्यक्ष एक्शन कमेटी), करतार सिंह कालरा, नंदलाल मोटवानी वहीं सचिव पद पर ललित बोदिया, रविशंकर अग्रवाल, विनय कुमार अग्रवाल, अनिल कुमार गर्ग महावीर अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल सह सचिव पद पर राहुल अग्रवाल कोषाध्यक्ष बजरंग अग्रवाल कार्यकारिणी सदस्य राजेंद्र अग्रवाल तुलसी, राजेंद्र अग्रवाल केडिया, मोहन अग्रवाल, प्रेमचंद अग्रवाल किरोड़ीमलनगर, भगवानदास बजाज, विकास गोयल, अशोक जैन, डोल नारायण देवांगन अशोक अग्रवाल गांधी गंज, वेद प्रकाश अग्रवाल, शैलेंद्र अग्रवाल मंगला ट्रेडिंग, मनोज गुप्ता किशोर कुकरेजा, परितोष शुक्ला, उमाशंकर पटेल पेट्रोल पंप, चंद्रशेखर चौधरी, शिव कुमार अग्रवाल विजय कुमार गर्ग, विनोद कुमार अग्रवाल अजंता ऑप्टिकल,





राकेश पटेल, दीपक अग्रवाल, राजेश कुमार अग्रवाल, साई ट्रैवल्स नवीन खजांची, प्रदीप श्रृंगी और श्रवण केजरीवाल को मनोनीत किया गया है।

बैठक में आगामी दिनों में रक्तदान शिविर तथा सभी सदस्यों की ब्लड ग्रुपिंग यातायात विभाग के सहयोग से व्हाइट कार्ड बनाने हेतु विशेष अभियान नापतोल विभाग का शिविर और गुमास्ता लाइसेंस बनाने का शिविर लगाने का कार्यक्रम तय किया गया जिसमें रक्तदान शिविर के लिए कार्यक्रम संयोजक के रूप में विनय अग्रवाल एवं बजरंग अग्रवाल कबीर चौक को नियुक्त किया गया।

## सारंगढ़ में विधिक सेवा शिविर का आयोजन 29 जुलाई को

### सीईओ श्रीमती त्रिपाठी नोडल अधिकारी नियुक्त

रायगढ़। सारंगढ़ अनुविभाग मुख्यालय में 29 जुलाई को विधिक सेवा शिविर का आयोजन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती शम्मी आबिदी ने शिविर के सफल संचालन हेतु जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। कलेक्टर ने विधिक सेवा शिविर के लिए जिले के समस्त अधिकारियों को आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है।

सारंगढ़ में 29 जुलाई को आयोजित विधिक सेवा शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को उनके अधिकारों, जन कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराना तथा कानूनी जागरूकता और विशेष रूप से शिक्षित करने के लिए अधिकार, लाभ और विशेषाधिकारों के बारे में समाज के कमजोर वर्ग को सामाजिक कल्याण कानूनों और अधिनियमों द्वारा गारंटीकृत प्रशासनिक कार्यक्रमों एवं उपायो से अवगत कराना एवं मुक्त और सक्षम कानूनी सेवाएं प्रदान करना है।

## फेडरर का 9वां खिताब जीतने का सपना टूटा, क्वार्टरफाइनल में हारकर हुए बाहर

लंदन। वर्ल्ड नंबर-2 और दिग्गज टेनिस खिलाड़ी स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर साल के तीसरे ग्रैंड स्लैम विबंलडन से आज बाहर हो गए। बेहद रोमांचक और कड़े मुकाबले में वर्ल्ड नंबर-8 दक्षिण अफ्रीका के केविन एंडरसन ने उलटफेर करते हुए फेडरर को मात देकर पहली बार विंबलडन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। इस हार के साथ ही फेडरर का 9वां विंबलडन जीतना का सपना चकनाचूर हो गया है।



एंडरसन ने बुधवार को मौजूदा विजेता फेडरर को पुरुष एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल मैच में पांच सेट तक चले मैराथन मुकाबले में 2-6, 6-7 (7-5), 7-5, 6-4, 13-11 से मात दी। एंडरसन को यह मैच जीतने में चार घंटे 13 मिनट तक पसीना बहाना पड़ा। पहले सेट में एंडरसन फेडरर के खेल के समीप भी नहीं थे, लेकिन दूसरे सेट से उन्होंने जबरदस्त सुधार करते हुए फेडरर को काफी भगाया। फेडरर हालांकि दूसरे सेट जीतन में भी कामयाब रहे।

# इंग्लैंड के खिलाफ युवी का ये बड़ा रिकॉर्ड क्या तोड़ पाएंगे धोनी, जानिए आंकड़े

नॉटिंघम। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज आज होना है। नॉटिंघम में पहला वनडे मैच खेला जाना है। इस सीरीज में महेंद्र सिंह धौनी के नाम कई बड़े रिकॉर्ड्स हो सकते हैं। धौनी 10,000 वनडे रन से महज 33 रन दूर हैं। इसके अलावा एक और ऐसा रिकॉर्ड है, जो धौनी तोड़ सकते हैं। ये रिकॉर्ड है युवराज सिंह का।



युवराज सिंह और इंग्लैंड का नाम साथ लेते ही 2007 टी-20 वर्ल्ड कप में उनके स्टुअर्ट ब्रॉड के एक ओवर में जड़े गए छह छक्के याद आ जाते हैं, लेकिन हम युवी के इस रिकॉर्ड नहीं बल्कि दूसरे बड़े रिकॉर्ड की बात कर रहे हैं। भारत की ओर से इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा वनडे रन बनाने का रिकॉर्ड युवराज सिंह के नाम ही दर्ज है।

### इस मामले में तेंदुलकर से भी आगे हैं युवी

युवी ने इंग्लैंड के खिलाफ 1523 वनडे रन ठोके हैं, जबकि सचिन तेंदुलकर ने 1455 रन। महेंद्र सिंह धौनी इन दोनों के बाद तीसरे नंबर पर आते हैं। धौनी ने इंग्लैंड के खिलाफ 1425 रन बनाए हैं। इस तरह से वो तेंदुलकर से 30 रन और युवी से 98 रन पीछे हैं। तीन मैचों की इस सीरीज में अगर धौनी 98 से ज्यादा रन बना लेंगे तो युवी से आगे निकल जाएंगे।

### इंग्लैंड के खिलाफ ऐसा रहा है धौनी का प्रदर्शन

युवराज सिंह लंबे समय से टीम से बाहर चल रहे हैं, जबकि तेंदुलकर बहुत पहले इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं। धौनी ने इस सीरीज से पहले इंग्लैंड के खिलाफ 44 मैचों में 45.96 की औसत से 1425 रन बनाए हैं, जिसमें एक सेंचुरी शामिल है जिसमें से 17 मैच उन्होंने इंग्लैंड में खेले हैं और इस दौरान उनका बैटिंग एवरेज 37.84 का रहा है।

## उतार-चढ़ाव से भरी है 40 लाख की आबादी वाले देश क्रोएशिया की कहानी, जानिए



फीफा वर्ल्ड कप अपने अंतिम चरण में हैं। इस वर्ल्डकप में हमें कई रोमांचक मैच देखने को मिले हैं। साथ ही साथ एक से बढ़कर एक उलटफेर देखने को मिले हैं। इस वर्ल्डकप में एक टीम है जिसने सबसे ज्यादा चर्चा बटोरी है। वह टीम में क्रोएशिया। अपने शानदार खेल और बड़ी-बड़ी टीमों के बाहर हो जाने के बीच सेमीफाइनल में पहुंचकर क्रोएशिया ने साबित कर दिया है कि वो भी वर्ल्ड कप जीतने का माद्दा रखती है। अगर हम बात करें इसके इतिहास की, तो हम में से बहुत ही कम लोग होंगे जो 40 लाख आबादी वाले फ़ुटबॉल के दीवाने इस देश के इतिहास को जानते होंगे। बता दें कि क्रोएशिया मध्य और दक्षिण-पूर्व यूरोप के बीचोंबीच बसा है और एड्रियाटिक सागर के क़रीब है। इस की राजधानी का नाम जाग्रेब है और क़रीब 56 हज़ार वर्ग किलोमीटर में फैले इस देश में ज़्यादातर लोग रोमन कैथोलिक हैं।

क्रोएशियाई यहां छठी सदी में आकर बसे थे और टोमिस्लाव इनके पहले राजा बने थे। साल 1102 में वो हंगरी के साथ हो लिया और 1527 में ऑटोमन साम्राज्य के फैलते प्रभाव के सामने क्रोएशियाई संसद ने फर्डिनेंड ऑफ़ हैब्सबर्ग को अपना राजा मान लिया।

19वीं सदी की शुरुआत में इस देश के टुकड़े फ़्रांसीसी इलीरियर प्रॉविंस में हो गए जबकि ऑस्ट्रिया-हंगरी ने बोस्निया हर्जेगोविना पर कब्ज़ा कर लिया। ये विवाद साल 1878 में हुई बर्लिन की संधि में सुलझाया गया।

साल 1918 से 1991 के बीच क्रोएशिया, यूगोस्लाविया का हिस्सा रहा और साल 1991 में क्रोएशिया में लड़ाई स्लोवेनिया में जंग के बाद शुरू हुई। लेकिन पहले सोवियत रूस और फिर यूगोस्लाविया के बिखरने और उस वजह से हालात बिगड़ने की क्रोएशिया ने बड़ी क़ीमत चुकाई है।

बढ़ते तनाव के बीच क्रोएशिया ने 25 जून, 1991 को स्वतंत्रता की घोषणा की। हालांकि इस घोषणापत्र को पूरी तरह अमली जामा पहनाया गया 8 अक्टूबर, 1991 को। इस बीच हालात बिगड़ रहे थे क्योंकि युगोस्लाव पब्लिक आर्मी और सर्ब पैरामिलिट्री समूहों ने क्रोएशिया पर हमला बोल दिया। 1991 के अंत में हालात ऐसे थे कि क्रोएशिया के पास सिर्फ़ अपनी एक-तिहाई ज़मीन पर कब्ज़ा रह गया था। क्रोएशियाई मूल के लोगों को निशाना बनाया गया। लाखों मारे गए और बेघर हुए।

जनवरी, 1992 में क्रोएशिया को यूरोपीय इकोनॉमिक कम्युनिटी से मान्यता मिल गई और इसके बाद संयुक्त राष्ट्र ने उसे पहचान दे दी। अगस्त 1995 में युद्ध ख़त्म हुआ तो साफ़ हो गया कि जीत क्रोएशिया की हुई है।